Class - 7 - 8

Hindi व्याकरण

अध्याय - 1 भाषा एंव व्याकरण

भाषा → मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह अपने मन के भावों एंव विचारों को अनेक रूपों में व्यक्त करता है। वह लिखकर अथवा बोलकर अपने मन के भाव व विचार व्यक्त करता है यही भाषा है।

हमारे देश में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं - जैसे - हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, कश्मीरी, कन्नड़, तमिल, तेलगु, मलयालम आदि।

भाषा के प्रकार - तीन

भाषा

- (1) मौखिक भाषा
- (2) लिखित भाषा
- (3) सांकेतिक भाषा

Scanned with CamScanner

बोली → भाषा के क्षेत्रीय रूप को बोली कहते हैं।

→ भाषा और बोली में अंतर :-

भाषा	बोली
1. भाषा का क्षेत्र विस्तृत होता है।	1. बोली भाषा का क्षेत्रीय रूप होती है क्षेत्र सीमित होता है।
2. भाषा में साहित्य की रचना होती है।	2. यदि किसी बोली में साहित्य रचना होती है तो वह बोली 'उपभाषा' बन जाती है जैसे- ब्रज, अवधी

लिपि

→ अपने मौखिक संकेतों तथा भाषा को लिखित रूप देने के लिए जिन चिह्नों अर्थात् संकेतों को चुना गया उन्हें लिपि कहते हैं। लिपि भाषा के ध्वनि संकेतों होते हैं।

Scanned with CamScanner

भाषा	लिपि
1. हिन्दी, संस्कृत, मराठी, नेपाली,	देवनागरी
2. उर्दू	फारसी
3. अंग्रेजी, फ्रांसीसी, जर्मन,	रोमन
4. पंजाबी	गुरुमुखी

व्याकरण → व्याकरण वह शास्त्र है जो हमें किसी भाषा के शुद्ध रूप को लिखने, पढ़ने व बोलने के नियमों का ज्ञान कराता है।

व्याकरण

1. वर्ण विचार
2. शब्द विचार
3. वाक्य विचार

→ उपर्युक्त अध्याय की सहायता से निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र•1 → भाषा क्या है ?

प्र•2 → लिपि किसे कहते हैं ?

प्र•3 → भाषा और बोली में अंतर बताइए ?

प्र•4 → व्याकरण किसे कहते हैं ?

प्र•5 → हिन्दी दिवस कब से और किस तिथि को मनाते हैं ?

प्र•6 → मराठी, हिन्दी, उर्दू आदि भाषाओं की लिपि क्या है ?

प्र•7 → हिन्दी की आदि जननी है ?—

प्र•8 → देवनागरी लिपि का सही विकास क्रम क्या है ?

Scanned with CamScanner